# यमुना सिटी में जल्द लगेगी उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप यूनिट

## सेक्टर-28 में वामा सुंदरी को 48 एकड़ भूमि आवंटित, 4000 लोगों को मिलेगा रोजगार

माई सिटी रिपोर्टर

**यमुना सिटी।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की उड़ान शुरू होने के साथ-साथ यमुना सिटी में औद्योगिक विकास और रोजगार के रास्ते खुलने जा रहे हैं। यमुना सिटी के सेक्टर-28 में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट लगेगी। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एचसीएल और फॉक्सकोन के संयुक्त मैसर्स इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को यमुना सिटी के सेक्टर-28 में 48 एकड़ का आवंटन पत्र सौंपा। कंपनी क्षेत्र में 3706.15 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस परियोजना से करीब चार हजार लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध होगा।

विश्वभर में कारों समेत इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट के लिए सेमीकंडक्टर की बढ़ती मांग के बीच यमुना सिटी जल्द अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। यमुना प्राधिकरण ने एचसीएल एवं फॉक्सकोन के संयुक्त उपक्रम वामा सुंदरी को भूमि आवंटित कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक अगले कुछ माह में कंपनी यूनिट का निर्माण शुरू कर देगी। कंपनी इस यूनिट में लगभग 2,40,000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। इसके लिए प्रतिदिन 19 हजार केवीए बिजली की जरूरत पड़ेगी। इसके साथ ही लगभग 2000 एमएलडी पानी का उपयोग प्रतिदिन होगा।

### हवाई अड्डे और औद्योगिक इंफ्रा का मिलेगा फायदा

वामा सुंदरी को सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के लिए क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे के जाल, मल्टी मॉडल फ्रेट कॉरिडोर समेत क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर का फायदा मिलेगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना सिटी में स्थापित छोटे उद्योगों से कार्य करा सकेंगे। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से आईटी, एआई स्किल वाले युवाओं का कंपनी रोजगार देकर उपयोग कर सकेगी।

### सेक्टर-17ए में बनेगा मेडिकल कॉलेज

प्राधिकरण ने मेसर्स बोद्धिस्तवा चैरिटेबल ट्रस्ट को सेक्टर-17ए में 20.50 एकड़ का भूखंड आवंटित किया है। यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। जिससे क्षेत्र में 532.18 करोड़ का निवेश होगा। इसके अलावा मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए कई कंपनियों से बातचीत की जा रही है।

### सर्किट बोर्ड तैयार करने वाली कंपनी को भी भूमि आवंटित

यमुना प्राधिकरण ने मेसर्स अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को सेक्टर-8 में 100 एकड़ भूमि आवंटित की है। कंपनी कॉपर क्लैड लैमिनेट्स, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेंबली, कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक्स व घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तैयार करेगी। यीडा क्षेत्र में 3532 करोड़ का निवेश होगा।

"यीडा क्षेत्र में तेजी से औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने की तैयारी है। इसी क्रम में लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सेमीकंडक्टर बनाने वाली एचसीएल एवं फॉक्सकोन के संयुक्त उपक्रम वाली कंपनी वामा सुंदरी को आवंटन पत्र सौंपा है। -

**आरके सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना प्राधिकरण**

### एयरपोर्ट संग होंगे कई लोकार्पण व शिलान्यास

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लोकार्पण के साथ फिल्म सिटी और सेमी कंडक्टर पार्क का शिलान्यास भी हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रविवार को रही यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों की एक बैठक के बाद इस दिशा में काम शुरू हो गया है। यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्व में भी सेमी कंडक्टर पार्क का शिलान्यास पीएम से कराए जाने का निर्देश था। अब एयरोड्रम लाइसेंस में देरी और नाम वामासुंदरी इंवेस्टमेंट की जगह इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद आवंटन पत्र जारी हो गया है। अब इसका शिलान्यास भी एयरपोर्ट के लोकार्पण के साथ हो सकता है। वहीं, फिल्म सिटी का शिलान्यास भी एयरपोर्ट लोकार्पण के साथ होने के कयास लगाया जा रहा है। ब्यूरो

### एयरपोर्ट विस्थापितों को जल्द मिलेगी नौकरी

**यमुना सिटी (संवाद)।** नोएडा एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित युवाओं को जल्द ही नौकरी मिलने वाला है। सोमवार को जेवर से लखनऊ पहुंचे विस्थापित युवाओं ने जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर नौकरी की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। एयरपोर्ट परियोजना के तहत विस्थापित परिवारों के 344 युवाओं ने रोजगार के विकल्प को चुना है। लंबे समय से नौकरी का इंतजार कर रहे इन युवाओं में सीएम के भरोसे के बाद नई उम्मीद मिली है। हाल ही में यमुना प्राधिकरण की ओर से 24 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, लेकिन युवाओं ने प्राधिकरण के इस दावे को खारिज कर दिया था। अब विस्थापित युवाओं में नौकरी को लेकर नई उम्मीद जगी है।